तापमान

अधिकतम 24.7 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

12 पुलिस ने घुटने टेके, निलंबित अधिकारियों पर केस दर्ज



12 नारायणगढ़ से डेरा ब्यास के लिए सीधी बस सेवा शुरू



## खबर संक्षेप

### 150 ग्राम अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल करनाल की टीम ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 150 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में टीम ने असंध के वार्ड-10 निवासी इंद्रजीत को काबू किया। उप निरीक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि 13 दिसंबर को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी की गतिविधियों को लेकर नाकाबंदी की गई थी, लेकिन वह मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया था। बाद में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस नशा तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ित महिला ने 11 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 सितंबर 2025 को सिंह ढाबा में आरोपी अनिल कुमार व अन्य ने उसके पति से लड़ाई झगड़ा करते हुए डंडे, लोहे की रॉड व ईंटों से मारपीट कर चोट पहुंचाई, चोट लगने के कारण उसके पति की मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### गन्ना बिजाई का प्रशिक्षण दिया

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गन्ना अनुभाग ईकाई की ओर से गांव राणा माजरा में गन्ना तकनीक परियोजना के अंर्तगत किसान-गोष्ठी कैंप में सहायक गन्ना विकास अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि किसान विभाग द्वारा सिफारिश गन्ना किस्म की बीज नर्सरी पर 5 हजार रुपये प्रति एकड़, चौड़ी खूड़ विधि व एकल आंख विधि द्वारा बिजाई करने पर 3 हजार रुपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि पा सकता है। गन्ना किस्म सीओ-15023 की बिजाई करने व बीज के रूप में दूसरे किसानों को बेचने पर 5 हजार रुपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि पा सकता है।

### स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने संलिप्त अन्य आरोपी रोहित सिंह उर्फ बावा व गुरनाम सिंह उर्फ अमन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। परिवादी मोहम्मद अखत्तर उर्फ गोलू ने 2 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उससे नकदी व मोबाइल छीन लिया है।

## हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा ने यमुनानगर में ली बैठक

# लिव इन रिलेशनशिप ऐसा जहरीला लड्डू, जिसने इसे खाया उसे डंक अवश्य लगेगा, भविष्य में असर दिखेगा : भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेणू भाटिया ने कहा कि आयोग का मुख्य उदेश्य है कि बेटियों और महिलाओं को न्याय मिले। उन्होंने उक्त शब्द जिला सचिवालय में आयोजित संबंधित विभागों व पुलिस के अधिकारियों की बैठक में कहे। मौके पर उन्होंने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को भी सुना। आयोग की अध्यक्षा रेणू भाटिया ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा होने के नाते उनका यही मकसद रहता है कि सभी बेटियों व महिलाओं को न्याय मिलें। राज्य महिला आयोग महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ हमेशा खड़ा है। बैठक से पूर्व उन्होंने उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल से महिला उत्पीड़न मामलों पर विचार विर्मश किया।

> शादी से पूर्व लड़का-लड़की की करवाई जाएगी काउंसलिंग
> जिले के उच्च अधिकारी व महिला काउंसलर होंगी शामिल




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में बैठक की अध्यक्षता करतीं महिला आयोग की अध्यक्षा रेणू भाटिया।

### नेशनल कमीशन आयोग बनेगा

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेणू भाटिया ने कहा कि नेशनल कमीशन आयोग की शुरुआत की गई है। इसका मकसद शादी से पूर्व लड़का लड़की की काउंसलिंग करना है, जिसमें जिले के उच्च अधिकारी व महिला काउंसलर द्वारा उन बच्चों को जो शादी करने जा रहे हैं, उन्हें शादी के मायने, अच्छे बुरे परिणाम, शादी के बाद किस प्रकार की दिक्कतें आती हैं और आपसी तालमेल व परिवार के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप के बारे में कहा कि लिव इन रिलेशनशिप एक ऐसा जहरीला लड्डू है, जिसने इसे खाया उसे डंक अवश्य लगेगा और भविष्य में इसका असर जरूर होगा। उन्होंने सभी बेटियों एवं महिलाओं से लिव इन रिलेशनशिप से बचने की अपील की। भाटिया ने कहा कि लिव इन रिलेशनशीप जैसी मॉर्डन टेक्नोलॉजी को फॉलो करने से पहले एक दूसरे के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हासिल करें। भविष्य के बारे में सोच समझकर ही कदम उठाना चाहिए।

### दोनों पक्षों को सुनकर ही होता है फैसला

भाटिया ने कहा कि उनके संज्ञान में जो भी शिकायतें आती हैं उन सभी में दोनों पक्षों के तर्कों को सुनकर निष्पक्ष रूप से कार्रवाई की जाती है और किसी भी पक्ष के साथ नाइंसाफी नहीं की जाती है। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर उनकी रिपोर्ट तुरंत उनके संज्ञान में लाएं। बैठक के अंत में उन्होंने संबंधित अधिकारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैठक में आए लंबित मामलों की तुरंत छानबीन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मौके पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, डीएसपी रजत गुलिया, राजीव मिगलानी आदि मौजूद रहे।

## साढ़ौरा में 15 दिसंबर को दुकान में हुई लूट की वारदात का खुलासा

# मौज-मस्ती के लिए नौ दोस्तों ने की थी लूट, आठ गिरफ्तार

> पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया, अभी एक आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन ने साढ़ौरा में पांच दिन पहले हथियारबंद अज्ञात बदमाशो द्वारा दुकान में की गई लूट मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में अभी एक आरोपी फरार है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेशकर रिमांड पर ले लिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ करने पर महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने बताया कि गत 15 दिसंबर को साढ़ौरा बाजार में एक दुकान पर कुछ नकाबपोश हथियारबंद अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। उस समय पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को निर्देश दिए थे।

जिसके बाद पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी राज कुमार के नेतृत्व में एसआई सुखदेव सिंह, एएसआई आजाद सिंह, बृजपाल, अमरजीत सिंह, मुकेश कुमार, प्रमोद सिंह, जगीर सिंह, कुलदीप पासवान व सुशील आदि की टीम का गठन किया गया। टीम ने इस वारदात में शामिल आठ बदमाशों को गांव तुंबी के पास से काबू किया है। जिनकी पहचान कार्तिक उर्फ पहाड़ी, हर्ष कुमार, रोहित कुमार, निखिल, हर्ष, मोहित, गुरप्रीत व दलीप के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह सभी दोस्त हैं। जिन्होंने मौज मस्ती करने के लिए व नए हथियार खरीदने के लिए दुकान पर लूट करने की योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया है। मामले के अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।




यमुनानगर के साढ़ौरा में दुकान से हुई लूट मामले में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपी पुलिस हिरासत में बैठे हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### दुकानदार ने किया था बदमाशों का मुकाबला

साढ़ौरा निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि गत 15 दिसंबर को उसकी दुकान में नकाबपोश नौ हथियारबंद युवक घुस गए। मगर उसने हौसला दिखाते हुए बदमाशों का सामना किया और शोर मचा दिया। जिसके बाद दुकान से करीब चार-पांच हजार की नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने उस समय अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

## छीना-झपटी में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार



**करनाल।** पुलिस ने सेक्टर-4 स्थित दशहरा ग्राउंड क्षेत्र में छीना-झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीनी गई नगदी, वारदात में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना शहर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी सेक्टर-4 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर उप निरीक्षक राजबीर सिंह के नेतृत्व में सुभाष गेट निवासी चिराग, एसबीएस स्कूल के समीप निवासी पवन कुमार तथा गांव जटपुरा निवासी रमन को दशहरा ग्राउंड से काबू किया। जांच में सामने आया कि 16 दिसंबर की रात तीनों आरोपियों ने ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में जा रहे एक व्यक्ति को चाकू की नोक पर डराकर उससे नगदी छीनी थी और मौके से फरार हो गए थे। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से चोरी व अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्तता रही है। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत, ससुराल पक्ष पर जहर देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव कोतरखाना में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही थाना छप्पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल यमुनानगर में पोस्टमॉर्टम के लिए पहुंचाया। मृतका का शनिवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार मृतका के भाई भगवानपुर निवासी नवाब ने बताया कि उसकी बहन 25 वर्षीय समीना की शादी 2016 में कोत्तरखाना के जुल्फान के साथ हुई थी। जुल्फान की टायर पंक्चर की दुकान है। शादी के बाद से ही उसकी बहन को ससुराल में दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा था। जिस बारे उसने कई बार मायके में बताया भी। ऐसे में आरोपी आगे से ऐसा न करने की बात कहकर टाल देते थे। शुक्रवार की सुबह उसकी मां रजिया के पास समीना ने फोन किया। जिस पर वह जोर-जोर से रो रही थी और कह रही थी कि उसके ससुराल वाले उसे बहुत मार रहे हैं और उसे जबरदस्ती कुछ खिला भी रहे हैं। उसकी तबीयत काफी बिगड़ी हुई है। इतने में उसके पति ने उससे मोबाइल छीन लिया। उन्होंने जुल्फान को बोला कि बहन को तुरंत अस्पताल लेकर जाएं। नवाब ने बताया कि समीना के ससुराल वाले उसे मुलाना (अंबाला) स्थित अस्पताल लेकर चले गए। जहां पर डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत के चलते उसे किसी दूसरे अस्पताल लेकर जाने को कहा।

थाना छप्पर प्रभारी सुमित कंबोज ने बताया कि सूचना मिलते ही वह अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर पहुंचा दिया है। परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### पत्नी को दूसरे अस्पताल नहीं ले गया

नवाब का आरोप है कि समीना का पति व अन्य ससुराल पक्ष के लोग उसे दूसरे अस्पताल लेकर नहीं गए। जब वह वहां अस्पताल पहुंचे तो समीना को तुरंत यमुनानगर में अग्रसेन चौक स्थित प्राइवेट अस्पताल लेकर आए। जहां पर डॉक्टर ने समीना को मृत घोषित कर दिया। नवाब ने आरोप लगाया कि समीना के साथ 2018 में भी काफी मारपीट हुई थी, जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस में दी थी। उस समय आपस में समझौता हो गया था, लेकिन उसके बाद आरोपी फिर से उसे छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित करने लगे।

## धागा व्यापारी से मांगी ढाई करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के प्रसिद्ध धागा व्यापारी यशपाल गर्ग निवासी हुडा सेक्टर-12 को विदेशी नंबर से वीरवार को धमकी भरी व्हाट्सएप कॉल की गई है। कॉल करने वाले ने खुद को बंबीहा गैंग का सदस्य बताते हुए यशपाल से ढाई करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। वहीं, रंगदारी मांगे जाने से यशपाल डर गए और उसने दहशत में व्हाट्सएप कॉल काट दी। इधर, यशपाल ने ढाई करोड़ की रंगदारी मांगे जाने की शिकायत थाना चांदनी बाग पुलिस से की है। यशपाल के पास आरोपी की ओर से कॉल तो कभी ऑडियो मैसेज आ रहे हैं। इसके चलते यशपाल व उसका परिवार दहशत में है। पुलिस की जांच में पता चला कि रंगदारी मांगने वाले ने यशपाल को अपना नाम संदीप राणा बताया और कहा कि वह बंबीहा गैंग से है। वहीं, ढाई करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर बुरा अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। इधर, चांदनी बाग थाना पुलिस ने यशपाल की शिकायत पर अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया है।



### पानीपत रिफाइनरी में ऑनसाइट आपदा ड्रिल की

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) द्वारा शुक्रवार को पानीपत रिफाइनरी संयंत्र में विभिन्न विभागों की भागीदारी के साथ हाइड्रोकार्बन गैस के खतरे एवं आग से निपटने की तैयारियों का आंकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल आयोजित की गई। वहीं, रितेश थपलियाल, मुख्य महाप्रबंधक (पी एंड यू -इंस्ट्रुमेंटेशन), ने एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी से चर्चा की। जबकि डहरिया ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का आंकलन किया और आपदा ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक की।

## छात्रा से दुष्कर्म मामले में 2 आरोपियों को सुनाई 20-20 साल कैद की सजा

- 14 वर्षीय नौवीं की छात्रा को बहला-फुसलाकर ट्यूबवेल के कमरे पर ले गए थे आरोपी
- कोर्ट ने 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

चौदह वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दो दोषियों को बीस बीस साल की कैद व बीस बीस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। यह फैसला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया है।

जिला न्यायवादी धर्मचंद ने बताया कि गत 16 दिसंबर 2024 को पीड़ित छात्रा के पिता ने साढ़ौरा थाना में शिकायत दी थी कि उसकी बेटी नौवीं कक्षा की छात्रा है। वह अचानक घर से लापता हो गई है। उस समय पुलिस 18 दिसंबर 2024 को छात्रा को बरामद कर लिया था। पीड़िता ने अपने बयान में बताया था कि आरोपी आशीष व शिवम उसे मौसी के घर छोड़ने का बहाना बनाकर एक ट्यूबवेल पर ले गए। जहां आशीष ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जबकि शिवम ने उसे इस जघन्य कृत्य के लिए उकसाया। उन्होंने बताया कि मामले में जांच अधिकारी द्वारा इस मुकदमे में तथ्य इकट्ठे किए व साइंटिफिक जांच की गई और अदालत में दमदार पैरवी की गई। मामले की सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने आज दोनों दोषियों गांव अंबली निवासी शुभम व अशोक कुमार को 20-20 वर्ष कैद और 20-20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई गई।

**पहल** कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में 100 छात्राओं को जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रशिक्षण दे रहे

# कुरुक्षेत्र की बेटियों ने गुरुग्राम में दिखाया जेनरेटिव एआई का कौशल

- बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा : नवीन जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की बेटियों को स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

यह उद्गार सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र की 100 बेटियों को गुरुग्राम में एआई में परचम लहराने पर बधाई देते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा नवीन अवसर कार्यक्रम के अंतर्गत जयराम विद्यापीठ की 100 छात्राओं को जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्राप्त कर कुरुक्षेत्र की बेटियों ने वैश्विक स्तर के ब्रांड्स के लिए मार्केटिंग प्रोजेक्ट्स तैयार किए।

इनमें से अधिकतर छात्राएं किसान एवं ग्रामीण परिवारों से ताल्लुक रखती हैं, जिन्होंने कुरुक्षेत्र की जेनएआई रेडी नारी कार्यक्रम के पहले चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस प्रशिक्षण के बाद ये छात्राएं आत्मविश्वास के साथ एआई आधारित मार्केटिंग टूल्स तैयार करने में सक्षम बनी हैं।

इस अवसर पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट हेड डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि यह पहल नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा नवीन अवसर कार्यक्रम के अंतर्गत निमाया फाउंडेशन व एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के सहयोग से संचालित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जेनरेटिव एआई के अत्याधुनिक कौशल, डिजिटल समझ और कार्यस्थल के लिए आवश्यक दक्षताओं से लैस करना रहा ताकि वे बदलते कार्यक्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ 17 नवंबर 2025 को सांसद नवीन जिन्दल की उपस्थिति में जयराम विद्यापीठ में किया गया था। इस अवसर पर निमाया फाउंडेशन की संस्थापक नव्या नवेली नंदा और सम्यक चक्रवर्ती तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के सीएसआर निदेशक कुमार अमन भी मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** जेन एआई का प्रशिक्षण लेने वालीं जयराम विद्यापीठ कुरुक्षेत्र की छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

### पेप्सिको के साथ मिलकर किया प्रोजेक्ट

इस पहल का उद्देश्य उभरती तकनीकों में लैंगिक और अवसर संबंधी अंतर को कम करना है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां प्रतिभा तो है, लेकिन संसाधनों और अवसरों की कमी रहती है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने पेप्सिको के साथ एक लाइव इंडस्ट्री प्रोजेक्ट पर काम किया। जिसमें उन्होंने चैटजीपीटी, कैनवा एआई और परप्लेक्सिटी जैसे जेनएआई टूल्स का उपयोग कर वास्तविक मार्केटिंग चुनौतियों के समाधान तैयार किए। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में चयनित 10 प्रतिभागियों को गुरुग्राम स्थित पेप्सिको कार्यालय में कंपनी की राष्ट्रीय मार्केटिंग टीम के समक्ष अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

### डंपर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव मारवा कलां के पास डंपर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव मारवा कलां निवासी राहुल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता 60 वर्षीय लछमी चंद उसके साथ मजदूरी करते थे। वीरवार देर शाम वह अपने पिता के साथ काम पर से पैदल अपने घर लौट रहे थे। जब वह गांव के पास पहुंचे तो सामने से एक डंपर तेज गति से आया। आरोपी डंपर चालक ने सीधी टक्कर उसके पिता को मारी। सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# विस में उठी जिला नागरिक अस्पताल को सेक्टर-32 में शिफ्ट करने की मांग

## विधायक जगमोहन ने कहा, पूर्व सीएम की घोषणा को जल्द लागू करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के जिला नागरिक अस्पताल को सेक्टर-32 में शिफ्ट करने की मांग को लेकर विधायक जगमोहन आनंद ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में जोरदार तरीके से आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि जिला नागरिक अस्पताल को सेक्टर-32 में स्थानांतरित करने की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की जा चुकी है, जिस पर अब शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए।

विधानसभा के दूसरे दिन इस मुद्दे को उठाते हुए विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जिला नागरिक अस्पताल के सेक्टर-32 में शिफ्ट होने से आमजन को बड़ी सुविधा मिलेगी और शहर में रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अस्पताल के आसपास भारी भीड़ और जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कि विधायक जगमोहन आनंद इस शीतकालीन सत्र में करनाल विधानसभा क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों को मजबूती से सदन में उठा रहे हैं। इनमें करनाल शहर की व्यस्त सेक्टर-12 से महात्मा गांधी चौक सड़क पर एलिवेटेड रोड निर्माण, सेक्टर-3 में ऑटो मार्केट की शिफ्टिंग प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने, कर्ण स्टेडियम में लंबे समय से लंबित खेल सुविधाओं के कार्य पूरे कराने, करनाल मास्टर डेवलपमेंट प्लान को जल्द लागू करने, कल्पना चावला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, कैंसर केयर सुविधा शुरू करने और मॉडल टाउन के समीप दयानंद कॉलोनी को पूर्ण रूप से नियमित करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। इन मांगों को सदन में रखते हुए विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता से जुड़े हर मुद्दे को मजबूती से उठाना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे करनाल के विकास से जुड़े विषयों पर लगातार विधानसभा में आवाज उठाते रहेंगे।



करनाल। विधानसभा सत्र के दौरान जिला नागरिक अस्पताल को सेक्टर-32 में शिफ्ट करने की मांग उठाते विधायक जगमोहन आनंद। फोटो : हरिभूमि

### स्वास्थ्य मंत्री ने दिया आश्वासन

विधायक की इस मांग पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने सदन में आश्वासन दिया कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर कार्य जारी है और मुख्यमंत्री की इस घोषणा को हरियाणा सरकार जल्द पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को आवंटित भूमि के ऊपर से हाई टेंशन बिजली लाइन गुजरने के कारण जमीन में कुछ तकनीकी बदलाव किए जा रहे हैं और इसके साथ लगती अतिरिक्त भूमि भी दी जा रही है। यह प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद परियोजना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### श्री कृष्ण गऊशाला में हवन का आयोजन

**करनाल।** पौष अमावस्या के अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला के देवधाम परिसर में विधि-विधान से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में अरुण कुमार गुप्ता ने सहभागिता की। गऊशाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और गौसेवा के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आहुतियां अर्पित कीं। गऊशाला प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि पौष अमावस्या के दिन स्नान, दान और पितरों के तर्पण से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अमावस्या की संध्या को पितरों के निमित्त घर के बाहर दीपक प्रज्वलित करने का आह्वान किया।

### जरूरतमंद बच्चों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण

**तरावड़ी।** सर्दी के मौसम को देखते हुए श्री राम राइस यूनिट के एमडी एवं श्री हनुमान सेवा समिति मां अन्नपूर्णा धाम अन्नक्षेत्र के संरक्षक साधूराम सिंगला के परिवार की ओर से सामाजिक सरोकार निभाते हुए राजकीय माध्यमिक विद्यालय घोलपुरा में जरूरतमंद बच्चों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को स्वेटर, जैकेट, टाई व अन्य गर्म कपड़े दिए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। श्री राइस राइस यूनिट के एमडी एवं शिव शक्ति संकीर्तन मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने बच्चों से संवाद भी किया।

## न्यूज डायरी

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने दो घंटे दिया धरना

**करनाल।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन (एचएसईबी) ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर-12 में दो घंटे का धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सिटी यूनिट प्रधान राजकुमार चौधरी, सब-अर्बन नंबर-1 यूनिट प्रधान रमेश चौधरी और सब-अर्बन डिवीजन यूनिट नंबर-2 के प्रधान विनोद जिंदल ने की। धरने का संचालन सिटी यूनिट सचिव दीवान चंद, सब-अर्बन नंबर-1 यूनिट सचिव राजेश वर्मा और अमीचंद ने किया। प्रदर्शन के उपरांत यूनियन की ओर से शहरी मंडल, सब-अर्बन नंबर-1, सब-अर्बन नंबर-2 और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के कार्यकारी अभियंताओं को एसीएस पावर पंचकूला के नाम ज्ञापन सौंपे गए।धरने को संबोधित करते हुए डीसीओ देवेंद्र शर्मा, यूएसबीवीएन सर्कल सचिव गुरमीत सिंह सैनी, पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला प्रधान संदीप टूर्ण, महासचिव प्रदीप सिहमार और सिटी यूनिट वरिष्ठ उपप्रधान संदीप मलिक ने कहा कि बिजली विभाग का कार्य अत्यंत तकनीकी और जोखिमपूर्ण है, ऐसे में बार-बार स्थानांतरण कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगा।उन्होंने कहा कि नए क्षेत्रों की तकनीकी जानकारी के अभाव में लाइन स्टाफ को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है। फॉल्ट रिकवरी, बिजली चोरी नियंत्रण, नए कनेक्शनों की जांच और सिस्टम स्ट्रेंथनिंग जैसी दीर्घकालिक योजनाएं भी प्रभावित होंगी। कर्मचारियों ने ज्ञापनों में पुरानी पेंशन नीति बहाल करने सहित अन्य मांगों को भी प्रमुखता से उठाया।

### अटल स्मृति वर्ष के रूप में मनाया जाएगा अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी वर्ष

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी करनाल जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने 20 दिसंबर को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में आयोजित की जाने वाली जिला कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों को लेकर जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि यह जिला कार्यकारिणी बैठक भव्य स्तर पर आयोजित की जाएगी, जिसमें करनाल जिला के सभी विधायक, जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, मंडल स्तर के कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। प्रवीण लाठर ने कहा कि इस बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त करने, आगामी संगठनात्मक रणनीति, कार्यक्रमों और अभियानों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष को 'अटल स्मृति वर्ष' के रूप में मनाने हेतु जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। अटल बिहारी वाजपेई के विचार, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्मृति कार्यक्रम, गोष्ठियां और जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### मनरेगा कानून समाप्त करने के प्रयास के खिलाफ 22 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रदर्शन का एलान

**करनाल।** सीटू जिला कमेटी करनाल ने मनरेगा का नाम बदलकर उसे समाप्त करने के प्रयासों के विरोध में 22 दिसंबर को जिला स्तर पर प्रदर्शन करने का एलान किया है। सीटू जिला प्रधान बिजनेश राणा, जिला सचिव सतपाल सैनी और जिला कैशियर ओपी माटा ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा सरकार द्वारा संसद में बहुमत के बल पर पारित किया गया नया विधेयक वास्तव में 100 दिन की ग्रामीण रोजगार गारंटी व्यवस्था को समाप्त करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि तमाम विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद इस कानून को पारित किया गया, जिससे ग्रामीण मजदूरों के रोजगार और आजीविका पर सीधा खतरा पैदा हो गया है। सीटू जिला कमेटी ने इस कानून की प्रतियों को जलाने और धरना-प्रदर्शन के माध्यम से विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। नेताओं ने कहा कि सरकार मनरेगा का नाम बदलकर धीरे-धीरे इस कानून को निष्प्रभावी बनाना चाहती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में मनरेगा मजदूरों के साथ-साथ सीटू से संबद्ध यूनियनें, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, मिड-डे-मील वर्कर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी और ग्रामीण चौकीदार बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

### कृष्ण चौदस पर श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के कृपा दिवस पर भक्ति संगम का आयोजन



करनाल। कृष्ण चौदस पर श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान में भक्ति संगम के दौरान भजन प्रस्तुत करते श्रद्धालु।

- श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड में सामूहिक मंत्र जाप

**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के अवसर पर श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड पर भक्ति संगम का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री घंटाकर्ण बीज मंत्र के सामूहिक जाप से हुई, जिसमें लोकमंगल और सर्वजन कल्याण की कामना की गई। भक्ति संगम में साध्वी जागृति, अनिता जैन, पवन जैन एवं गरिमा जैन ने सुमधुर भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। "दादा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए", "इंद्री वाले की मैंने जब से पकड़ी है बांह", "तेरी कृपा बनी रहे जब तक है जिंदगी", "मेरे दादा जी तुसीं मेहर करो" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने अपने प्रवचन में श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे कृपानिधान देवता हैं, जिनकी उपासना से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में अनुकूलताएं स्वतः आकर्षित होती हैं। उन्होंने बताया कि श्री घंटाकर्ण देव बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि एवं वीरों की परिषद में सेनापति के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने कहा कि जैन परंपरा में श्री घंटाकर्ण देव को भगवान महावीर का शासनरक्षक देव माना जाता है, जबकि वैदिक परंपरा में उन्हें बद्रीनाथ तीर्थ का क्षेत्रपाल, शिवगण एवं कार्तिकेय का सहयोगी स्वीकार किया गया है। मंत्र शास्त्रों में वर्णित उनकी साधनाएं भय निवारण, मनोरथ सिद्धि और संकट मुक्ति में अत्यंत प्रभावशाली मानी जाती हैं। प्रीतिभोज एवं आरती का लाभ रविंद्र जैन (पंजाब बीज, फतेहाबाद) एवं डॉ. भारतेंदु जैन, सहायक प्रोफेसर, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही बनी रही।

## स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान राष्ट्र का गौरव : डॉ. बलराम




- हरियाणा विद्यार्थी कल्याण परिषद के कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विद्यार्थी कल्याण परिषद द्वारा मानव सेवा संघ करनाल में बलिदान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि बलिदान दिवस हमें उन अमर स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने काकोरी कांड में देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान और राजेंद्र सिंह लाहिड़ी जैसे क्रांतिकारियों ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। ऐसे बलिदानियों की वजह से ही भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। वे इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलें। कार्यक्रम के अंत में परिषद द्वारा डॉ. बलराम शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।


### तेज रफ्तार कार ने मासूम को कुचला, मौके पर मौत

**करनाल।** करनाल के नूरमहल चौक के नजदीक शुक्रवार शाम एक हृदयविदारक सड़क हादसे में पांच साल के मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बच्चा सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आई एक कार ने उसे कुचल दिया और चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल मोर्चरी हाउस भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हादसे में जान गंवाने वाले बच्चे की पहचान मंगल के रूप में हुई है। मंगल मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और अपने परिवार के साथ सेक्टर-32 की झुग्गियों में रहता था।

## द्वितीय अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस पर होगा विशेष निःशुल्क ध्यान शिविर

कल मॉडल टाउन में आयोजन



करनाल। लघु सचिवालय में योग ब्रेक का अभ्यास करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर 21 दिसंबर को बिरादरी भवन मॉडल टाउन करनाल में प्रातः 11 बजे निःशुल्क ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि यह आयोजन सहज योग संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है। हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया गया है। ध्यान और योग को दैनिक जीवन में अपनाकर तनाव, शारीरिक पीड़ा और मानसिक थकान से बचा जा सकता है। जिला योग समन्वयक डॉ. राजपाल ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य जिले के नागरिकों को तनाव मुक्त जीवन और आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रेरित करना है। आयुष विभाग की जिला कार्यक्रम संयोजक पूजा ने नागरिकों से अपील की कि वे इस ध्यान शिविर में भाग लेकर ध्यान के लाभों का अनुभव करें।

## गीत-नाटक और प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया जागरूक

- केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में नारी

**करनाल।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो हिसार द्वारा केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की संरक्षण अधिकारी सुमन नैन ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' सहित केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और बाल यौन शोषण के प्रति जागरूक किया। मुख्य डाकघर की प्रबंधक रूचि ढल्ल ने सुकन्या समृद्धि योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए इसे बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने की महत्वपूर्ण योजना बताया। वहीं उप डाकपाल सुरेश कुमार ने डाक विभाग की उन योजनाओं पर प्रकाश डाला, जो बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाती हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो की सांस्कृतिक टीम ने गीत और नाटक के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मौखिक प्रश्नोत्तरी, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें विजयी विद्यार्थियों सहित सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए। केंद्रीय संचार ब्यूरो हिसार के नोडल अधिकारी नीरज महलावत एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



करनाल। केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

## गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक बन चुका है तरावड़ी शहर का चावल : प्रदीप गुप्ता

**तरावड़ी।** श्री हंस राइस एंड जनरल मिल्स के सी.एम.डी. प्रदीप गुप्ता ने कहा कि अगर सोच बड़ी हो और मेहनत सच्ची, तो छोटे कस्बे से भी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है। आज तरावड़ी का चावल केवल एक कृषि उत्पाद नहीं, बल्कि गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक बन चुका है। प्रदीप गुप्ता का कहना है कि उनका लक्ष्य आने वाले समय में तरावड़ी के चावल को और अधिक देशों तक पहुंचाना है, ताकि क्षेत्र का नाम वैश्विक मंच पर और मजबूत हो सके। श्री हंस राइस एंड जनरल मिल्स तरावड़ी के मैनेजिंग डायरैक्टर प्रदीप गुप्ता श्री हंस राईस एंड जनरल मिल्स में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनका मानना है कि चावल का दाना, उसकी खुशबू और शुद्धता ही उसकी असली पहचान होती है। इसी सोच के चलते मिल में आधुनिक मशीनरी, वैज्ञानिक परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था की गई। इसका परिणाम यह हुआ कि विदेशी खरीदारों का भरोसा तरावड़ी के चावल पर लगातार मजबूत होता गया। चावल के निर्यात से क्षेत्र के किसानों को बेहतर बाजार और उचित मूल्य मिलने लगे हैं। साथ ही मिल के संचालन से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं। यह उद्योग तरावड़ी की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। समाजसेवी प्रदीप गुप्ता ने कहा कि तरावड़ी आज चावल निर्यात के क्षेत्र में एक मजबूत नाम बना चुका है। शहर के राईस एक्सपोर्टस ने पारंपरिक कारोबार को आधुनिक तकनीक से जोड़ा और चावल की प्रोसेसिंग, पैकिंग व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाकर उन्होंने तरावड़ी के चावल को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया।

### गांव शामगढ़ में दो दिवसीय कबड्डी खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ

# हरियाणा–पंजाब के नामी खिलाड़ियों ने की भागीदारी

- पहले दिन हुए कबड्डी मुकाबलों ने दर्शकों में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के गांव शामगढ़ स्थित खेल स्टेडियम में दो दिवसीय कबड्डी खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ हुआ। पहले ही दिन खिलाड़ियों की फुर्ती, ताकत और रणनीति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुबह से शाम तक स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा और हर शानदार रेड व कैच पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही।

कबड्डी महाकुंभ का उद्घाटन गांव शामगढ़ के पूर्व सरपंच दिलराज शामगढ़ एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरजीत शामगढ़ सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं। पूर्व सरपंच दिलराज चौधरी ने बताया कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण खेल संस्कृति को सशक्त बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब के नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिससे मुकाबलों का स्तर बेहद ऊंचा है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरजीत शामगढ़ ने कहा कि कबड्डी हमारी मिट्टी से जुड़ा खेल है और ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि विजेता टीमों के लिए ट्रॉफी के साथ-साथ लाखों रुपये के नगद पुरस्कार रखे गए हैं, जिससे खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर सुरजीत पहलवान, दिलराज शामगढ़, रितेश चौधरी, दिलजीत सिंह, अश्वनी कल्याण सोनी, महेश चौधरी, संजीव कुमार बिल्लू, राजेश चौधरी, भगवंत संधू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



करनाल। शामगढ़ में कबड्डी महाकुंभ के दौरान मुकाबले का आनंद लेते दर्शक और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते अतिथि।

### आज महिला वर्ग की टीमें मैदान में उतरेंगी

*20 दिसंबर को महिला वर्ग और ईनामी पहलवानों के मुकाबले कबड्डी महाकुंभ के दूसरे दिन महिला वर्ग की टीमें मैदान में उतरेंगी। इसके साथ ही हरियाणा–पंजाब ओपन पुरुष वर्ग के ईनामी पहलवान भी अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों के अनुसार दूसरे दिन मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहेगा।*

## फैशन और रफ्तार के संगम ने बदली युवा स्टाइल की दिशा

- मोटरस्पोर्ट से प्रेरित डिज़ाइनों और परफॉर्मेंस वियर में दिखा नया ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के तहत आयोजित फैशन शोकेस में फैशन और मोटरस्पोर्ट का अनोखा संगम देखने को मिला। इस आयोजन में हाई-फैशन, परफॉर्मेंस वियर और मोटरकोर से प्रेरित डिज़ाइनों को मंच पर प्रस्तुत किया गया, जो युवाओं की बदलती जीवनशैली और तेज़ रफ्तार सोच को दर्शाता है।

फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से आयोजित इस शो में डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने अपने कलेक्शन प्रस्तुत किए। इनके डिज़ाइनों में रेसिंग कल्चर, स्लीक सिल्हूट्स और ग्लैमर का संयोजन देखने को मिला। फिनाले में बॉलीवुड कलाकार हरनाज संधू शोस्टॉपर के रूप में नजर आईं, जबकि रैपर रफ्तार ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को ऊर्जावान बनाया। शो को तीन चरणों में प्रस्तुत किया गया, जिसमें 'स्टार्ट लाइन', 'पिट लेन' और 'ग्लैम नाइट' थीम के तहत अलग-अलग फैशन अवधारणाएं सामने आईं। कार्यक्रम का समापन स्पोर्ट्स कार स्टंट के साथ किया गया। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा कि यह आयोजन फैशन और संस्कृति के बीच संवाद को आगे बढ़ाने का प्रयास है। डिजाइनर अभिषेक पाटनी और नम्रता जोशीपुरा ने इसे फैशन के भविष्य से जोड़ते हुए रचनात्मक प्रयोग बताया।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारीज का कार्यक्रम आज

**पानीपत।** कगांव थिराना रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज रिट्रीट सेंटर 'ज्ञान मान सरोवर' में शनिवार को जूरीस्ट विंग के राष्ट्रीय अभियान 'मूल्य आधारित न्याय - कानून की आत्मा' (वैल्यू बेस्ड जस्टिस - सॉल ऑफ द लॉ) के तहत एक आध्यात्मिक कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति विनोद भारद्वाज, जिला जज पानीपत सुदेश शर्मा, हर्षित बंसल आयकर संयुक्त आयुक्त, करनाल आदि शिकरत करेंगे।

### किशोरी से किया दुष्कर्म पीड़िता दो माह की गर्भवती

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे पीड़िता दो माह की गर्भवती हो गई। परिजनों को जब इस बारे पता चला तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है।

कंपनी के आयोजकों को इस प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएं दी

# मेयर कोमल ने टेक्सटाइल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। की मेयर कोमल सैनी के सम्मानित करते हुए नुविस्ता एग्जीबिशन के पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में तीन दिवसीय टेक्सटाइल मशीनरी, यार्न एवं स्पेयर पार्ट्स का उद्घाटन नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने नुविस्ता एग्जीबिशन कंपनी के आयोजकों को इस प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं, धागा बनाने वाली कंपनी जय जगदम्बे इंटरप्राइजेज से चेतन सूद ने बताया की हम पिछले 10 वर्षों से धागा बना रहे है। हमारे पास फैंसी यार्न, पेट यार्न, कॉटन स्लैब यार्न, जुट यार्न, जुट कॉटन यार्न आदि 400 से भी अधिक फैंसी यार्न की किस्में है। एटीसी सेविंग मशीन पानीपत से अमनदीप शर्मा ने बताया की वह सभी तरह की स्टिचिंग मशीन में डील करते है है। दिल्ली से आए मोदी यार्न के मालिक मनीष मोदी ने बताया की हम सभी प्रकार के धागो की ट्रेंडिग करते है। चंडीगढ़ से आई डेल्टा ऑटोमेशन के रवि कुमार ने बताया की हम गुजरात की कंपनी का एयर कम्प्रेशर ले कर आए है। नुविस्ता एग्जीबिशन कंपनी के आयोजक मनोज आर्य ने प्रदर्शनी के महत्व के बारे में बताया।

भाकियू नेताओं का आरोप था कि उनकी जांच में जावा ट्रेडिंग के तौल में गड़बड़ी मिली थी

# किसानों के साथ हेराफेरी सहन नहीं होगी : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



■ मार्केट कमेटी पानीपत के अध्यक्ष अवतार सिंह शास्त्री

मार्केट कमेटी पानीपत के अध्यक्ष अवतार सिंह शास्त्री ने बताया कि धान के सीजन में भारतीय किसान यूनियन ने बाबरपुर की अनाज मंडी में जावा ट्रेडिंग पर धान के तौल की जांच की थी। वहीं, भाकियू नेताओं का आरोप था कि उनकी जांच में जावा ट्रेडिंग के तौल में गड़बड़ी मिली थी। इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद जावा ट्रेडिंग को जवाबी कार्रवाई के लिए नोटिस दिया गया था। शास्त्री ने बताया कि जावा ट्रेडिंग पर धान की तौल में गड़बड़ी के आरोप सही पाए गए और जावा ट्रेडिंग पर मार्केट कमेटी की ओर से दस हजार रुपये का जुर्माना किया गया है और जावा ट्रेडिंग के संचालक को भविष्य में ठीक से कामकाज करने की सख्त चेतावनी दी गई। किसानों के साथ हेराफेरी सहन नहीं होगी। मार्केट कमेटी के अध्यक्ष शास्त्री ने बताया कि मार्केट कमेटी के परिसर में खड़े वाहनों के संचालकों को वहां से वाहन हटाने को कहा गया है। शास्त्री ने चेतावनी दी है कि यदि मार्केट कमेटी परिसर में अवैध तरीके से वाहन खड़ा किया गया तो ट्रैफिक पुलिस से वाहनों पर कार्रवाई करवाई जाएगी।

## पर्यावरण को बढ़ावा देने पर ग्रीनमैन दलजीत सम्मानित



**पानीपत।** देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास ग्रीनमैन दलजीत कुमार को निजीकोष से राजकीय महाविद्यालय, घरौंडा में श्री गुरु तेगबहादुर हर्बल गार्डन स्थापित करने पर एसडीएम राजेश सोनी व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार नाणिया द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, श्री गुरु तेग बहादुर हर्बल गार्डन का उद्घाटन मुख्यातिथि एसडीएम सोनी ने किया। इधर, ग्रीन मैन दलजीत कुमार ने बताया कि श्री गुरु तेगबहादुर हर्बल गार्डन में नब्बे से अधिक किस्म के औषधीय गुणों के पौधे रोपित किए। इधर, एसडीएम राजेश सोनी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको अधिक से अधिक पौधे रोपित करके इनका संरक्षण करना चाहिए। वहीं, प्राचार्य डॉ सुरेंद्र नाणिया ने महाविद्यालय में निजीकोष से गुरु तेगबहादुर हर्बल गार्डन स्थापित करने पर ग्रीनमैन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रो. गुरनाम सिंह मलिक, डॉ. अंजू बाला, सुमन लता, डॉ रेखा जांगड़ा, डॉ राकेश शर्मा, संदीप कल्याणी, विजेंदर मलिक, सुनील कौशिक, बिट्टू, मनमोहन आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने आज के जमाने में अंग्रेजी भाषा के महत्व को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत।



पानीपत। औजवर्ल्ड एकेडमी की निदेशक अनीशा मक्कड़, पीसीसी एकेडमी के डायेरक्टर राजीव परूथी को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परूथी ने शुक्रवार को औजवर्ल्ड एकेडमी में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सभी छात्रों को विदेश जाने से पूर्व अंग्रेजी भाषा सीखने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही अंग्रेजी सीखने के सरल तरीके भी सिखाए। वहीं औजवर्ल्ड एकेडमी की निदेशक अनीशा मक्कड़ ने राजीव परूथी का बुके भेंटकर स्वागत किया। राजीव परूथी ने छात्रों को विदेश जाने के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। राजीव परूथी ने कहा कि आज विदेश जाने के नाम पर लोगों से पैसे लूटने की घटनाएं अखबारों और न्यूज चैनलों में आम हैं। कई लोग एजेंटों के जाल में फंस जाते हैं, क्योंकि उन्हें सही जानकारी नहीं होती। उन्होंने औजवर्ल्ड एकेडमी की सराहना करते हुए कहा कि यह एकेडमी छात्रों का पहले टेस्ट लेकर उनकी क्षमता को जांचती है। उसके बाद उनकी स्किल के अनुरूप देश चुनकर उनकी फाइल तैयार की जाती है। समय-समय पर मुफ्त काउंसलिंग भी उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर अंशिका, वैष्णवी, अपूर्वा, तन्नू व गौरांशी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी: भीम



पानीपत। मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा का धन्यवाद करते भीम सचेदवा व अन्य ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान एवं प्रमुख उद्यमी भीम सचदेवा को भाजपा जिला कार्यकारिणी का सदस्य बनाए गया है। उनकी यह नियुक्ति भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों से सलाह कर की है। वहीं भीम सचदेवा की नियुक्ति के बाद उनक निवास पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। बता दें कि भीम सचेदवा श्री राम दशहरा कमेटी बरसत रोड, सेक्टर 13-17 आरडल्यूए तथा बरसत रोड आरडब्ल्यूए के भी प्रधान हैं। यही नहीं भीम सचदेवा नगर के प्रमुख उद्योगपतियों व समाजसेवियों में भी शामिल हैं।

# भगवान के समान होता है गुरु : दत्त




पानीपत। दी एक्सल स्कूल इंटरनेशनल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ओलंपियन रेसलर योगेश्वर दत्त।

■ बच्चा कहां जा रहा है और क्या देख रहा है, उसको पढ़ने के लिए अच्छा साहित्य दें और जंक फूड से दूर रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

गुरु कभी साधारण नहीं होता, गुरु का दर्जा भगवान के ऊपर है। हमने भगवान को देखा नहीं है पर शिक्षा देने वाला गुरु ही भगवान का सच्चा रुप है। यह विचार लंदन ओलंपिक के सिल्वर मेडल विजेता योगेश्वर दत्त ने खेलों एक्सन खेल मीट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। उन्होंने माता पिता से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों की तरफ ध्यान दें। जिस क्षेत्र में आपके बच्चे की रुचि है उसको उसी तरफ लगायें। बस एक बात का ध्यान रखें की आपका बच्चा कहां जा रहा है ओर क्या देख रहा है, उसको पढ़ने के लिए अच्छा साहित्य दें ओर जंक फूड से दूर रखें। इस अवसर पर डीएसपी राजबीर यादव, दी एक्सल स्कूल इंटरनेशनल गांव डाहर के चेयरमैन कृष्ण पाल त्यागी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### वोटर लिस्ट की समीक्षा जारी

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची को दुरुस्त करने का कार्य जारी है। इस प्रक्रिया के तहत जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डेटा का वर्तमान मतदाता सूची से मिलान किया जा रहा है।

### जी राम जी बिल मजदूर विरोधी

**पानीपत।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन पट्टीकल्याणा गांव कमेटी की बैठक अनुसूचित जाति चौपाल में कमलेश की अध्यक्षता में हुई। संचालन सतबीर राठी ने किया। मीटिंग में रोजगार और आजीविका की गारंटी मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 जी राम जी की निंदा करते हुए सरकार से इसे वापस लेने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र, सतबीर राठी, रोशन लाल जांगड़ा,रानी, प्रवीण,सोमा देवी व छवि आदि मौजूद रहे।

### शराब के तीन तस्कर पकड़े

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस की टीम ने शराब तस्करी के आरोप में गांव सिवाह निवासी राजकुमार पुत्र हुकमचंद को, जगजीवन राम कॉलोनी निवासी कवि पुत्र प्रेम को, इसराना थाना पुलिस ने गांव डाहर निवासी भगत सिंह पुत्र इश्वर सिंह को शराब की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों पर एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए है।

### शहीदों को नमन किया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में राष्ट्र नायक आर्य समाज की विचारधारा से ओत प्रोत महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाकउल्लाह खां को उनके बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्कूल के कोषाध्यक्ष महताब आर्य, आर्य समाज काबडी के उप प्रधान एवं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, प्राचार्य अशोक आर्य, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के प्रभारी जगदीश चहल, योग अध्यापक प्रवीण आर्य, अध्यापिका सोनिका आर्य आदि उपस्थित रहे।

### अटल ने हमेशा राष्ट्रहित में काम किया : लाल

**पानीपत।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष को अटल स्मृति दिवस के रूप में मना रही है। शुक्रवार को कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर पानीपत स्थित भाजपा कार्यालय श्याम कमल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें नेताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने अटल स्मृति सम्मेलन के जिला संयोजकों और सह संयोजकों कार्य योजना समझाई। प्रदेश व जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों बारे में बैठक में विस्तार से चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर भाजपा नेता व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इसराना में तेजी से होंगे विकास कार्य

**पानीपत।** इसराना में एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वर्ष 2026 में इसराना में मांडी रोड पर 9 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से सवा दो एकड जमीन पर बन रही इसराना तहसील की तीन मंजिला नई बिल्डिंग का कार्य फरमी में पूरा हो जाएगा। जबकि इसराना में नई तहसील बिल्डिंग के सामने ही मांडी रोड पर साढे छह एकड जमीन में मिनी सचिवालय सब डिविजन स्तर के निर्माण किया जाएगा। वहीं इसराना में मेन रोहतक हाईवे पर पलडी रोड जाने वाली सडक पर 12 कनाल में रोडवेज का नया बस स्टैंड बनाया जाएगा।

### बागवानी को अनुदान मिलेगा

**पानीपत।** जिला बागवानी अधिकारी डॉक्टर संदीप कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अनुदान योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत सब्जियों, मशरूम एवं आधुनिक तकनीक आधारित खेती के लिए किसानों को आकर्षक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

# प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, प्राची ने द्वितीय व तृतीय स्थान पर वेदिका रही

■ विद्यार्थियों के लिए डिजाइन बुकमार्क प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

आईबी कॉलेज में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए डिजाइन बुकमार्क प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक कहा कि यह विद्यालय के छात्रों की कला सृजन लिए बेहद सहायक है। ऑनलाइन पढ़ाई, रिसर्च, ऑफिस कार्य, शॉपिंग और बैंकिंग जैसी गतिविधियों में बुकमार्क बहुत उपयोगी होता है। इसके अलावा, किताबों में बुकमार्क लगाने से यह पता रहता है कि पढ़ाई कहां तक हुई है। इस प्रकार, बुकमार्क सुविधा समय प्रबंधन में सहायक एक सरल लेकिन महत्वपूर्ण साधन है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा कहा कि प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, प्राची ने द्वितीय, तृतीय स्थान पर वेदिका तथा मयंक रहे। निशांत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

आरोपियों ने उसके पति को नौकरी दिलवाने का झांसा दिया

# विवाहिता के साथ दुष्कर्म तीन लोगों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ आरोपियों ने उसके बेटे को पीटा, जबकि उसके पति के साथ आपत्तिजनक वीडियो बनाई गई

पानीपत के एक गांव की निवासी महिला के साथ जीजा, साले व इनके तीसरे साथी ने दुष्कर्म किया। वहीं थाना चांदनी बाग पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई और जीजा पवन, इसके साले पारुल और इनके साथी राकेश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 70, 75, 3(5), 333, 64 और 351(3) के तहत केस दर्ज किया है। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके पति को नौकरी दिलवाने का झांसा दिया और उसके साथ इस साल अक्टूबर में बार-बार अलग स्थानों पर आरोपियों ने दुष्कर्म किया। महिल का आरोप है कि आरोपियों ने उसके बेटे को पीटा, जबकि उसके पति के साथ आपत्तिजनक वीडियो बनाई गई। इस वीडियो को जेठ को भेजने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की डिमांड की गई। आरोपियों ने महिला को मुंबई के कोठे पर बेचने की धमकी दी गई। इधर, थानेदार चांदनीबाग ने बताया कि दुष्कर्म के तीनों आरोपी फरार है और पुलिस इनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चौ.ओम प्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि आज

# जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रही है इनेलो : रणबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ.ओम प्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि बीस दिसंबर को तेजा खेड़ा फार्म हाउस पर मनाई जाएगी। उनकी समाधि का अनावरण भी किया जाएगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और समर्थक पूर्व मुख्यमंत्री चौ.ओपी चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यह जानकारी देते हुए इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रणबीर देशवाल ने कहा कि लौहपुरूष चौ.ओम प्रकाश चौटाला से केवल हरियाणा के नेता व जनता का ही लगाव नहीं था बल्कि देश भर में उनके समर्थक व चाहने वालों की संख्या काफी है। इनेलो जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रही है

### नगदी छीनने के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने एसडी मार्डन स्कूल के पास बुजुर्ग ज्ञान प्रकाश निवासी हुडा सेक्टर 12 के हाथ से इक्कीस नंवबर की रात को बैग स्नेचिंग करने मामले में फरार और दो नाबालिग आरोपियों को वीरवार को तहसील कैंप से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों नाबालिग आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने नाबालिग साथी आरोपी के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। वहीं, थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश ने बताया कि इस मामले में ज्ञान प्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, बैग में 67 हजार रुपये कैश, सोने का एक गले का सेट, दो कड़े, एक टीका व चांदी की एक जोड़ी पाजेब व एक जोड़ी चुटकी थी।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक व मानसिक यातना देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की एक युवती ने अपने प्रेमी और उसके परिजनों पर शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक यातना देने, कैद करके रखने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।शहर की एक कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दोस्ती जम्मू कॉलोनी निवासी भवनीत सिंह के साथ हुई थी। वह फिलहाल अमेरिका में रहता है। आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया। उसे घर में कैद करके रखा। पीड़िता ने बताया कि भवनीत ने उसे चंडीगढ़ में अपने भाई हरकीरत सिंह तथा भाभी अदिति कंबोज के घर ले जाकर मारपीट की तथा जान से मारने की कोशिश की। जब वह भवनीत के घर जम्मू कॉलोनी लौटी, तो उसकी मां बलविंदर कौर ने उसके साथ गलत व्यवहार किया। उसे कैद करके रखा। इसके बाद भवनीत बैंकॉक से वापस आया। वहां उसे फिर से शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक रखा। आरोपी ने परिवार को बुलाकर शादी करने का नाटक किया। इसके बाद आरोपी अमेरिका चला गया। इसके बाद उसने अपनी मां को फोन किया। उसकी मां उसे अपने साथ ले गई। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

**क्या कहते हैं जांच अधिकारी**

मामले की जांच कर रही पुलिस सब इंस्पेक्टर मीना रानी ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद संदेहास्पद हालात पाए जाने पर मुकदमा दर्ज किया गया। स्पेशल रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक यमुनानगर और इलाका मजिस्ट्रेट को भेजी गई है। मामले की तफ्तीश जारी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

**न्यायालय तहसीलदार कम सयुक्त सब रजिस्टार पानीपत।**

**बिमला विधवा स्व० श्री गंगा राम व स्व० श्री गंगा राम निवासी मकान न0 475, मैन गली, आजाद नगर, तहसील व जिला पानीपत।**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि बिमला विधवा स्व. श्री गंगा राम ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि उपरोक्त जायदाद प्रार्थी के पति स्व. गंगा राम पुत्र स्व. श्री जैमल की मृत्यु दिनांक 21.08.1979 को हो चुकी है। मृतक स्व. गंगा राम पुत्र स्व. श्री जैमल की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। 1. बिमला विधवा स्व. श्री गंगा राम 2. सविता देवी पुत्री स्व. श्री गंगा राम के अलावा अन्य कोई वारिस व हक दार नहीं है। इन वारसान की तसदीक नगर निगम पाषर्द धर्मबीर कश्यप वार्ड नं. 17, पानीपत की रिपोर्ट 27.11.2025 व हल्का पटवारी सुभाष की रिपोर्ट दिनांक 11.12.2025 अनुसार हो चुकी है। मृतक बरूए रजि. नं. 2284 दिनांक 21.08.1979 कार्यालय सब रजि. साहब के द्वारा दर्ज है। जोकि उक्त रजि. 100 वर्गगज की है इनके इलावा मृतक स्व. गंगा राम पुत्र स्व. श्री जैमल का कोई अन्य वारिस / उत्तरधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को हम इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तरधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह 30 दिन के अन्दर-2, स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनाक 19.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- न्यायालय तहसीलदार कम संयुक्त/सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

**न्यायालय तहसीलदार कम सयुक्त सब रजिस्टार पानीपत।**

**संजय कुमार पुत्र स्वः श्री भगत राम निवासी मकान नम्बर 230/4 पानीपत**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि संजय कुमार पुत्र स्व. श्री भगत राम निवासी मकान नम्बर 236/4 पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू एक दस्तावेज पेश किया हैं जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के 22/11/2017 को मृत्यु हो चुकी है मृत्तक भगत राम की माता की मृत्यु काफी अरसा पहले हो चुकी है- पिता मगत राम पुत्र श्री दया राम की दिनांक 8/12/2002 को व माता श्रीमति फूलवती की दिनांक 22/11/2017 को मृत्यु हो चुकी है- मृतक भगत राम की माता की मृत्यु काफी अरसा पहले हो चुकी है- यह कि भगत राम की मृत्यू उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हल्का पटवारी एवं नगर पार्षद अमित नारग वार्ड-15 द्वारा अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है 1- राजेन्द्र कुमार पुत्र 2 आशा रानी पुत्री 3 सीमा रानी पुत्री 4 कुल भुषण पुत्र 5- राजरानी पुत्री 6- संजय कुमार पुत्र 7 पवन कुमार पुत्र 8 पूनम रानी पुत्री मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नही है इनके इलावा मृतक भगत राम का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपराना 15 दिन के अन्दर 2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17-12-25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- न्यायालय तहसीलदार कम सयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

## खबर संक्षेप



### शिविर में चरित्र निर्माण पर दिया व्याख्यान

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत चरित्र निर्माण और नशा मुक्त जीवन विषय पर व्याख्यान हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुदेश कुमारी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पधारे और विस्तृत व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा कि जीवन को सफल करने के लिए चरित्र निर्माण करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने चरित्र निर्माण पर बल देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ा परिश्रम और अनुशासन अति आवश्यक है। उन्होंने कहा जीवन में आगे बढ़ने के लिए ईर्ष्या को छोड़कर स्वस्थ स्पर्धा का चयन महत्वपूर्ण है। नशे से दूर रहकर ही व्यक्ति अपने जीवन का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी नरेश कुमार ने स्वयंसेवकों को जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण एवं सपनों को साकार करने के लिए कड़े परिश्रम करने की भावना पर अपने विचार व्यक्त किए।

### धमकी देने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अश्विनी व रोहित को गिरफ्तार किया है। परिवादी विकास ने 19 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 नवंबर 2025 को आरोपी अश्विनी, रोहित व अन्य ने हिम्मतपुरा नजदीक पानी टंकी के पास उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एएनसी सैल ने मामले में संलिप्त अन्य आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया है। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 16 जुलाई 2025 की देर रात्री सूचना मिली थी कि उपरोक्त आरोपी नशा बेचने का कार्य करता है। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 15 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### एयरटेल में शीर्ष नेतृत्व पर होगा परिवर्तन

**अंबाला।** पिछले तेरह वर्षों से भारती एयरटेल का नेतृत्व मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ के रूप में कर रहे गोपाल विट्ठल को सुव्यवस्थित उत्तराधिकार योजना के तहत अक्टूबर 2024 में भारती एयरटेल लिमिटेड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया था, जबकि शश्वत शर्मा को कंपनी का सीईओ डेज़िग्नेट बनाया गया था। पूर्व निर्धारित उत्तराधिकार प्रक्रिया के अनुरूप, 1 जनवरी 2026 से गोपाल विट्ठल भारती एयरटेल के एक्ज़ीक्यूटिव वाइस चेयरमैन की भूमिका संभालेंगे।

### बार एसोसिएशन का कोई भी वकील आरोपी अधिकारियों के मामले की नहीं करेगा पैरवी

# पुलिस ने घुटने टेके, जिस थाने में बर्बरता हुई उसी में निलंबित अधिकारियों पर केस दर्ज

*मुलाना थाने में वकील के साथ बर्बरता; बार ने पारित किया प्रस्ताव, पांच दिन से चली आ रही हड़ताल भी खत्म, कार्रवाई पर पीड़ित ने भी जताया संतोष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुलाना थाने में वकील के साथ हुई बर्बरता के मामले में पुलिस ने वकीलों के विरोध पर घुटने टेक दिए। जिस थाने में वकील के साथ बर्बरता हुई थी उसी थाने में अब एएसआई प्रेम पाल व ईएएसआई सतपाल के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। इससे पहले डीएसपी हेड्क्वार्टर विजय कुमार ने बार एसोसिएशन को मनाने के हर संभव प्रयास किए। पर बार ने साफ कर दिया कि पहले बर्बरता करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो। इसके बाद ही कोई बाचतीत संभव होगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद अब बार एसोसिएशन ने पांच दिन से चले आ रहे विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। साथ ही बार से जुड़े वकीलों ने यह भी निर्णय लिया है कि आरोपी पुलिस अधिकारियों के मामले की एसोसिएशन का कोई भी वकील पैरवी नहीं करेगा।

### नौ धाराओं के तहत दर्ज हुआ केस

मुलाना थाने में एडवोकेट रितेश की शिकायत पर पुलिस ने निलंबित एएसआई प्रेमपाल व ईएएसआई सतपाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की 9 धाराओं 198,199(बी),115(2),133,126(2),127(2), 296(ए),352, 51 केस दर्ज किया गया है। थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। जबकि फुटेज का आंकलन करने पर अन्य किसी अधिकारी व कर्मचारी का कोई अपराध सामने नहीं आया। जांच के दौरान निलंबित पुलिस अधिकारी एएसआई प्रेम पाल व ईएएसआई सतपाल के खिलाफ लगाए गए आरोपों के पुख्ता सबूत मिले हैं। एडवोकेट रितेश ने आरोपियों पर उसे व उसके परिजनों को पुलिस थाने में नंगा कर पीटने, गाली गलौज करने व जाति सूचक अपशब्दल बोलने के आरोप लगाए थे। उसका आरोप था कि आरोपी अधिकारियों ने उसके परिजनों के साथ उसके साथ दुर्व्यवहार किया। साथ ही नंगा कर कमरे में पंखा चला दिया गया। पुलिस थाने में लगे सीसीटीवी फुटेज में आरोपी अधिकारियों की यह हरकत कैद हो गई थी।



### सहमति से लिया निर्णय

इस पूरे मामले में वकीलों को मनाने के लिए एसपी की ओर से डीएसपी बराड़ा सुरेश कौशिक के बाद डीएसपी हेड्क्वार्टर विजय कुमार को जिम्मेदारी दी गई थी। डीएसपी विजय कुमार ने बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट सतपाल सिंह के साथ कार्रवाई के लिए बनाई गई कमेटी जिसमें पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन, एडवोकेट बीएस जसपाल, एडवोकेट इंद्रजीत सिंह गिल, एडवोकेट संजीव वशिष्ठ के साथ लंबी बातचीत की थी। डीएसपी ने हर संभव तरीके से बार एसोसिएशन को मनाने का प्रयास किया। मगर बार ने साफ कर दिया कि पहले आरोपी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इसे बाद ही आगे की बातचीत होगी। पुलिस की ओर से रात एक बजे दोनों पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। शुक्रवार सुबह एफआईआर की कॉपी बार प्रेजिडेंट को भेजी गई। इसके बाद सवा 12 बजे बार एसोसिएशन की आपात मीटिंग बुलाई गई।

### पुलिस कार्रवाई की होगी समीक्षा

डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट एडवोकेत सतपाल सिंह ने बताया कि दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद अब पांच दिन से चली आ रही हड़ताल वापिस ले ली गई है। अब बार पुलिस की कार्रवाई की समीक्षा करेगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में पुलिस किसी वकील के साथ ऐसी ज्यादती न करे इसको लेकर भी कुछ ठोस निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की पैरवी बार खुद करेगी। पुलिस ने एडवोकेट रितेश के खिलाफ दर्ज केस में उसे राहत देने की भी बात कही है। उम्मीद है कि बेकसूर होने पर केस से एडवोकेट रितेश का नाम निकाला जाएगा। सहयोग के लिए प्रेजिडेंट ने पूरी बार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वकीलों की एकजुटता से ही वे इस मामले में काफी हद तक सहयोगी वकील को इंसाफ दिलाने में कामयाब रहे। एडवोकेट रितेश ने भी बार के सहयोग पर धन्यवाद किया। साथ ही पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताया।



अंबाला। रोष जताते हुए कॉलेज कर्मचारी।

# कॉलेज कर्मचारियों ने एचआरए न मिलने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने मकान किराया भत्ता (एचआरए) न मिलने के विरोध में सरकार के प्रति रोष प्रकट किया। कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु चांदना, डॉ. शशि खुराना, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. सुषमा रानी, डॉ. सुमन देवी, डॉ. पूजा बैरागी, डॉ. सीमा सैनी सहित अन्य कर्मचारियों ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के 96 सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग 3000 शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक कर्मचारी पिछले कई वर्षों से एचआरए के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1974 से अब तक सभी वेतन आयोगों के अंतर्गत ऐडेड कॉलेजों के कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर एचआरए मिलता रहा है, लेकिन 7वें वेतन आयोग के अंतर्गत यह लाभ अब तक प्रदान नहीं किया गया है।

### एचआरए पर आक्रोश

वर्ष 2019 में राज्य सरकार द्वारा सभी विभागों में 7वें वेतनमान के अनुसार संशोधित एचआरए वर्ष 2016 से लागू कर दिया गया था, परंतु सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के कर्मचारियों को आज तक इसका लाभ नहीं मिल सका है। कर्मचारियों के अनुसार एचआरए से संबंधित फाइल लंबे समय से शिक्षा विभाग और वित्त विभाग के बीच लंबित है, जिसे वित्त विभाग द्वारा बार-बार सुझाव और आपत्तियों के साथ वापस भेजा जा रहा है। इसी प्रकार महिला कर्मचारियों के हित में मुख्यमंत्री द्वारा कैजुअल लीव 20 से बढ़ाकर 25 दिन करने की घोषणा के बावजूद अब तक इसका नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है, जबकि इस पर शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। कर्मचारियों ने कहा कि लगभग पिछले 10 वर्षों से सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के कर्मचारी सरकार के इस सौतेले रवैये से आक्रोशित हैं। प्रदेश के कई कॉलेजों में काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। हालांकि, प्रदर्शन के बावजूद कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए परीक्षा संबंधी कार्य पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित किए।

# विकसित भारत के लिए युवाओं का होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में पंच प्रण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबाला मंदीप राणा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संस्थान के प्रधानाचार्य दिनेश सिंह राणा एवं उप प्रधानाचार्य वनिता सिंधू द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को पंच प्रण के महत्व से अवगत कराया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका एवं योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंच प्रण राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त संकल्प है। इसमें विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता एवं एकजुटता तथा नागरिक कर्तव्यों का पूर्ण पालन शामिल है।

पंच प्रण युवाओं को देश के प्रति जिम्मेदार, आत्मनिर्भर एवं अनुशासित नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। प्रधानाचार्य दिनेश सिंह राणा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पंच प्रण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पंच प्रण को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। अपने कौशल, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान दें।




अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा अध्यक्ष मनदीप राणा व अन्य।

# सरकार की नीतियों के विरोध में कॉलेज स्टाफ ने किया प्रदर्शन

### प्रदेश सरकार पर लगाया एडिड कॉलेजों के कर्मचारियों से भेदभाव करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय के स्टाफ ने हरियाणा सरकार की भेदभावपूर्ण नीतियों के विरोध में काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य मकान किराया भत्ता (एचआरए) तथा आकस्मिक अवकाश से संबंधित मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। प्रदर्शन करने वाले स्टाफ सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा प्रदेश के सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के कर्मचारियों को अब तक मकान किराया भत्ता का लाभ नहीं मिल पाया है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। कर्मचारियों का कहना है कि समान कार्य और समान दायित्व निभाने के बावजूद उन्हें इस मूलभूत सुविधा से वंचित रखा गया है, जबकि राजकीय महाविद्यालयों के कर्मचारियों को यह सुविधा वर्षों से नियमित रूप से मिल रही है। इससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि एडिड महाविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन करते हैं। वे पाठ्यक्रम शिक्षण, परीक्षा कार्य, मूल्यांकन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों सहित सभी दायित्व उसी प्रकार निभाते हैं जैसे राजकीय महाविद्यालयों के कर्मचारी, इसके बावजूद उन्हें आर्थिक और अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जाना समानता के अधिकार के विरुद्ध है। वहीं महिला शिक्षिकाओं ने विशेष रूप से अपनी पीड़ा को व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा घोषित 25 आकस्मिक अवकाशों का लाभ भी आज तक ऐडेड महाविद्यालयों की महिला शिक्षिकाओं को नहीं दिया गया है, जबकि राजकीय महाविद्यालयों की महिला शिक्षकों को यह सुविधा प्रदान की जा रही है। महिला शिक्षकों का कहना है कि अवकाश न मिलने से उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



बराड़ा। प्रदर्शन करते हुए कॉलेज स्टाफ सदस्य।

# डेरा ब्यास के लिए सीधी बस सेवा शुरू

- पूर्व विधायक ने झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

नारायणगढ़ से डेरा ब्यास के लिए सीधी बस सेवा शुरू की गई है। इस बस सेवा को पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने नारियल फोड कर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया।

डॉ. पवन सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर, सुलभ एवं किफायती परिवहन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं दूरदर्शी नीतियों के परिणामस्वरूप ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों को भी बेहतर बस सेवाओं से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह बस सेवा शुरू करवाने की क्षेत्र के लोगों की मांग थी जिसे सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पूरा किया है। उन्होंने बताया कि यह बस प्रतिदिन प्रातः 7.10 बजे नारायणगढ़ बस स्टैंड से चलकर रायपुररानी होते हुए दोपहर 12.30 बजे डेरा ब्यास पहुंचेगी। वहां से दोपहर 1 बजे नारायणगढ़ के लिए रवाना होगी और लगभग सांय 6 बजे यहां वापस पहुंचेगी। पूर्व विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास- सबका विश्वास की भावना के अनुरूप प्रत्येक वर्ग तक विकास की योजनाएं पहुंचा रही है। सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में निरंतर नई-नई योजनाएं चलाई जा रही है।



नारायणगढ़। पूर्व विधायक रिबन काट कर बस सेवा का शुभारंभ करते हुए।

### नई बस सेवा शुरू

सैनी ने कहा कि इस नई बस सेवा से श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास को भी गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर हरियाणा परिवहन विभाग के जीएम सुखदेव सिंह ने कहा कि यहां से डेरा ब्यास के लिए शुरू की गई यह बस सेवा पंचकूला डिपो द्वारा शुरू की गई है जोकि वाया रायपुररानी प्रतिदिन चलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग का उदेश्य आमजन को सुरक्षित, समयबद्ध एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि इस बस सेवा को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित समय सारिणी के अनुसार संचालित किया गया है।

# सामाजिक सेवा से छात्रों को करवाया अवगत

- जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से शहजादपुर माजरा के सरकारी स्कूल में चल रहा है प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल माजरा शहजादपुर में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दौरान विद्यार्थियों को मानव सेवा, सामाजिक दायित्व एवं जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े विषयों पर जागरूक किया गया। शिविर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की सचिव विजय लक्ष्मी ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को रेडक्रॉस की विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। विजय लक्ष्मी ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में सीखी गई अच्छी बातों को विद्यार्थी अपने-अपने स्कूलों में अन्य बच्चों तक अवश्य पहुंचाएं। उन्हें अपने जीवन में अपनाएं। उन्होंने वृद्धजनों के सम्मान, जरूरतमंदों की सहायता और मानव सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस के स्वयंसेवक चुनाव के समय दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान करने में सहयोग करते हैं। आपदा के समय जरूरतमंद लोगों तक भोजन और सहायता सामग्री पहुंचाने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नर सेवा नारायण सेवा की भावना के साथ मानव सेवा की शुरुआत अभी से करने का आह्वान किया। शिविर के दौरान नशे की बुरी प्रवृत्ति के विरुद्ध विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए सचिव विजय लक्ष्मी ने नशा विरोधी जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




शहजादपुर। रैली को झंडी दिखाती रेडक्रॉस सचिव विजय लक्ष्मी।



बराड़ा। विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

### खेल के मैदान में छात्रों ने दिखाया दम

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल दिवस का समापन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। खेल दिवस का शुभारंभ एसडीएम द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्री-नर्सरी से कक्षा नौवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने जुंबा डांस प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात बनी रेस, ज़िगज़ैग रेस, बैलेंस द बॉल, बैलेंस द कोन, ब्रिक रेस, चेन रेस, सैक रेस, थ्री लेग रेस तथा रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। खेल मैदान में बच्चों का उत्साह और खेल भावना दर्शनीय रही। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एसडीएम एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या वरिंदर कौर द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या वरिंदर कौर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों का विशेष महत्व है। खेलों से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास होता है।

### 3350 उपभोक्ताओं ने उठाया पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ

# सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे घर, मिल रही है भारी सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- उपभोक्ताओं को 24 करोड़ की सब्सिडी का मिला सीधा लाभ

ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और जनता को बिजली बिलों के बोझ से राहत दिलाने की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना वरदान साबित हो रही है। जिले में इस योजना को लेकर आमजन में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल से यह योजना इतनी किफायती बन गई है कि पात्र परिवारों के लिए सोलर सिस्टम लगवाना बहुत ही कम खर्च लगभग मुफ्त जैसा हो गया है। डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिले में 3350 उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाते हुए सोलर पैनल स्थापित करवाए हैं। केंद्र सरकार द्वारा अलग-अलग क्षमता के सोलर सिस्टम के लिए करीब 24 करोड़ रुपये की सब्सिडी सीधे इन लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। प्रदेश सरकार द्वारा भी योजना के सफल क्रियान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा जिले के 130 उपभोक्ताओं को लगभग 0.59 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा चुकी है जबकि शेष पात्र लाभार्थियों को भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यदि कोई उपभोक्ता प्रारंभिक निवेश करने में सक्षम नहीं है तो सरकार ने उनके लिए भी विकल्प उपलब्ध कराए हैं। सरकारी बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। दो किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 8 से 10 यूनिट बिजली उत्पादन करता है जो मासिक रूप से लगभग 300 यूनिट तक होती है। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार की जरूरतों के लिए पर्याप्त है जिससे बिजली बिल लगभग शून्य हो जाता है।

### समझे सब्सिडी का गणित

बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता (एसई) विनोद कुमार गोयल ने बताया कि सरकार द्वारा आय वर्ग के अनुसार सब्सिडी को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अधिकतम लाभ मिल सके। अंत्योदय परिवार, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है तथा सालाना बिजली खपत 2400 यूनिट तक है उन्हें दो किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपये व प्रदेश द्वारा 50 हजार रुपये कुल 1.10 लाख रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ जिन परिवारों की वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है और वार्षिक बिजली खपत 2400 यूनिट तक है उन्हें दो किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपये तथा प्रदेश सरकार से 20 हजार रुपये जिसमें कुल 80 हजार रुपये का अनुदान मिलता है। ऐसे ही जिन घरेलू उपभोक्ताओं की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक है उन्हें केंद्र सरकार द्वारा एक किलोवाट पर 30 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपये, अगले 1 किलोवाट यानि 2 से 3 किलोवाट तक सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने पर 18 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इस तरह अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

### बिजली के बिल से मिला छुटकारा

अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता हरीश गोयल ने बताया कि गाव पतरेहडी से संदीप कुमार द्वारा अपने घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित करवाने से बिजली का बिल जीरो हो गया है। जिससे वह बेहद खुश है और उन्होंने ऐसी जनहितकारी योजना के क्रियान्वयन पर सरकार का आभार व्यक्त किया।

**ऐसे करें आवेदन:** इच्छुक उपभोक्ता घर बैठे आधिकारिक पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में किसी प्रकार की परेशानी होने पर उपभोक्ता अपने नजदीकी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता हैं। डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।